

# इलेक्ट्रिक राइस कुकर
## रसोई का कार्य करे आसान

*हालांकि यह एक नया अविष्कार नहीं है, रसोई में ज़रूरी उपकरण के रूप में इलेक्ट्रिक राइस कुकर का इस्तेमाल किया जाता रहा है। भारत में कुछ सालों से ही इसका इस्तेमाल किया जाने लगा है। जब घरेलू गैस की कीमत में तेज़ी से इजाफ़ा होने लगा तब उपभोक्ता इसे एक विकल्प के रूप में स्वीकार करने लगे। देखते–देखते राइस कुकर का प्रयोग सिर्फ चावल बनाने तक ही सीमित नहीं रह गया बल्कि कई और खाने के सामान इस कुकर में बनाए जाने लगे हैं जिनमें इडली बनाना मुख्य है तथा पकने पर अपने आप ही बंद हो जाता है। भारत में दर्जनों राइस कुकर के ब्रांड उत्पादकों द्वारा बनाए जा रहे हैं और कुछ हद तक भारतीय बाज़ार में इनकी बिक्री बढ़ भी रही है। बाज़ार में इतने अधिक ब्रांडों में से उपभोक्ताओं के लिए कौन से सबसे बेहतर हैं, कीमत के भी अनुकूल हैं यही जांचने के लिए 'कंस्यूमर वायस' ने राइस कुकर के 11 ब्रांड चुने और खुदरा बाज़ार के स्टोर से खरीदकर उनके कार्यनिष्पादन सहित अन्य जांच एनएबीएल प्रमाणित प्रयोगशाला में कराई। उम्मीद करते हैं कि इस रिपोर्ट की जानकारी से अपको अपनी पसंद का उत्पाद चुनने में मदद मिलेगी।*

राइस कुकर के बारे में हमने परीक्षण के बाद इंटरनेट पर जब और अधिक सर्च किया तो, पूरे विश्व में इसकी प्रासंगिकता के बारे में पाया कि ऑनलाइन पर ढेरों ब्रांड उपलब्ध हैं। कुछ इस तरह की रोचक, पठनीय जानकारी जैसे कि एक ब्लॉगर जो कि फिलीपिंस से था उसने दावा किया कि उसके

परिवार में जो राइस कुकर इस्तेमाल किया जा रहा है वह तीस साल पुराना है और आज तक उसे एक बार भी अपने कुकर की मरम्मत नही करानी पड़ी। एक और अन्य ब्लॉगर ने लिखा था कि राइस कुकर परिवार में बेहद किफ़ायती है, प्रशंसा के काबिल है। राइस कुकर समय, घरेलू गैस और पानी तीनों चीजों की बचत करता है और बार–बार पांच मिनट पर इसे देखने की भी जरूरत नहीं होती। यदि चावल बन जाते हैं तो यह खुद–ब–खुद बंद हो जाता है। साथ ही एक ब्लॉग पर कुकर को साफ़ करने के तरीके के बारे में भी बातें लिखी हुई थी जिससे की उनका वह उपकरण हमेषा नया जैसा सुंदर दिखता रहे, साथ उसका सर्किट पानी से भी खराब न हो। हमने खोज करने पर पाया कि जापान में तो एक और प्रोटोटाइप उपकरण तैयार किया गया है जिससे कि आप आसानी से कार में भी खाना बना सकते हैं।

यहां भारत में अमूमन लोग इलेक्ट्रिक राइस कुकर के बारे में लगभग एक दशक से ही जानते हैं। अब तक इसके लिए कोई भारतीय मानक भी नहीं है। इसलिए इसकी कुछ गुणवत्ता जांच के लिए आईएस : 11879–1986 का इस्तेमाल किया, जो कि इलेक्ट्रिक भाप वाले कुकर के लिए है। यह जांच कुकर में चावल बनाने की क्षमता, बनने के बाद चावलों की या अन्य खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता साथ ही इसके रख–रखाव और बिजली की खपत की जांच की। सुरक्षा जांच के लिए जो जांच के नियम लागू होते हैं उन्हीं के आधार पर की गई। साथ ही कुकर के डिज़ाइन, स्टाइल और अन्य अतिरिक्त विशेषताओं की भी तुलना की गई। सामान्य मापदंड जैसे कि नियंत्रण, केबल की लंबाई, बंद करने वाला कवर/ढक्कन और सहायक सामग्री को कुल मूल्यांकन के लिए विचार किया गया।

### कंस्यूमर वॉयस इसे खरीदने की सहमति जताता है

**प्रेस्टीज़**

सबसे जल्दी पकाने वाला ब्रांड

### कीमत के आधार पर सबसे बेहतर

**रीकनेक्ट**

इसकी कीमत सबसे कम 990 रुपये है जबकि अन्य 1,600 रुपये से शुरू होते हैं और कार्य भी लगभग एक जैसा ही करते हैं।

### जांच के मुख्य परिणाम

- सभी प्रकार की जांच में सबसे अधिक अंक प्रेस्टीज़ को मिले इसके बाद इनाल्सा रहा।
- प्रेस्टीज़ ने खाना बनाने में सबसे कम समय लिया इसके बाद ऊषा और मॉर्फी रिचार्ड रहे।
- खाने की गुणवत्ता के आधार पर महाराजा व्हाइटलाइन सबसे बेहतर और इसके बाद इनाल्सा रहा।
- कई प्रकार की सुरक्षा जांच में सभी ब्रांड सफल रहे।
- रीकनेक्ट कीमत के आधार पर सबसे किफ़ायती ब्रांड पाया गया, अन्य की अपेक्षा इसकी कीमत आधी है, इस्तेमाल में भी लगभग अन्य ब्रांड की तरह ही है।





### ब्रांड जिनका परीक्षण किया गया

| रैंक | कुल अंक (राउंडिड) | ब्रांड | लीटर में क्षमता | इनपुट पॉवर | मॉडल | उत्पादक / विक्रेता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 92 | प्रेस्टीज़ | 1.8 | 650 | पीआरसीडब्ल्यूसीएस 1.8 | टीटीके प्रेस्टीज़ |
| 2 | 89 | इनाल्सा | 1.8 | 700 | स्टीम कुक डीएक्स | टॉरेग मार्केटिंग |
| 3 | 88 | महाराजा व्हाइटलाइन | 1.8 | 650 | टारसी–180 ए डीएलएक्स | महाराजा व्हाइटलाइंस इंडस्ट्रीज |
| 3 | 88 | बटरफ्लाई | 1.8 | 700 | 3पी–001 | बटरफ्लाई गांधीमती एप्लाइंज़ |
| 4 | 87 | पैनासोनिक | 1.8 | 650 | एसआरडब्ल्यूए18एच | पैनासॉनिक होम एप्लाइंज़ इंडिया |
| 4 | 87 | नेक्स्ट | 1.8 | 650 | एनएक्सटी18डीएलएस | नेक्सट, चाइना |
| 4 | 87 | मोर्फीरिचार्ड्स | 1.8 | 700 | इसेंशियल 100 | मोफीरिचार्ड्स इंडिया |
| 5 | 86 | रीकनेक्ट | 1.8 | 700 | टीआरएचआरसीजी–1802 | रिलायंस डिजिटल रिटेल |
| 5 | 86 | फिलिप्स | 1.8 | 700 | एचडी4729 | फिलिप्स इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड |
| 5 | 86 | ऊषा | 1.8 | 650 | एमसी2865 | ऊषा इंटरनेशनल |
| | 79 | बजाज | 1.5 | 350 | मैजेस्टी न्यू आरसीएक्स3 | बजाज इलेक्ट्रिकल |

* रेटिंग : >90 – बहुत अच्छा *****, 71-90 अच्छा ****, 51-70 औसत***, 31-50 खराब**, < 30 – बहुत खराब *

***खरीद के समय उच्च वोल्टेज़ की क्षमता का बजाज ब्रांड का राइस कुकर उपलब्ध नहीं था।**




### कार्यनिष्पादन जांच

◆ ***चावलों की गुणवत्ता और बनाने में लगा समय :***

350 ग्राम चावल की तीन किस्मों (बासमती, सोना और परमल) को कुकिंग मोड से स्लो मोड में पकने में जितना समय लगा उसका परीक्षण किया गया। इस परीक्षण में बासमती ब्रांड ने 18–25 मिनट लिए, सोना ने 20 से 30 मिनट का समय लिया और परमल ब्रांड 26 से 45 मिनट का समय लिया।

### कीमत और वारंटी

| ब्रांड → / परीक्षण मानदंड ↓ | % भारांक | प्रेस्टीज़ | इनाल्सा | महाराजा व्हाइटलाइन | बटर फ्लाई | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| मूल्य (MRP), रुपए | | 2695 | 3096 | 2495 | 2490 | |
| खुदरा मूल्य (रुपये) | | 2350 | 2900 | 2250 | 2100 | |
| वारंटी / गारंटी (वर्ष) | | 1 | 1 | 1 | 2 | |



- अन्य ब्रांड की अपेक्षा प्रेस्टीज़ ब्रांड ने सबसे कम समय लिया, इसके बाद ऊषा और मोर्फी रिचार्ड्स रहे।
- पकने की गुणवत्ता के आधार पर पैनल विशेषज्ञों द्वारा महाराजा व्हाइटलाइन सबसे बेहतर पाया गया।
- सबसे अधिक समय बजाज कुकर में लगा क्योंकि इसकी निर्धारित इनपुट पॉवर(350 वाट) अन्य ब्रांड की अपेक्षा कम थी। इस पर सिर्फ 322 वॉट बिजली की खपत हुई।
- सिर्फ बजाज ब्रांड को छोड़कर बाकी सभी कुकर के ब्रांड में 650 से 730 वॉट तक बिजली की खपत पाई गई।

◆ ***मोमोज़ और अन्य खाद्य पदार्थ :***

- कुकर की जांच के लिए उसमें मोमोज़, बिरयानी और पुलाओ जैसे अन्य खाद्य पदार्थ भी बनाकर देखे गए।




**कीमत और वारंटी**

| | पैनासोनिक | नेक्स्ट | मोर्फी रिचार्ड्स | रीकनेक्ट | फ़िलिप्स | ऊषा | बजाज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2599 | --- | 2495 | 1299 | 2795 | 1995 | 1799 |
| | 2400 | 1650 | 2150 | 990 | 2550 | 1900 | 1650 |
| | 2 | 1 | 2 गारंटी | 2 | 2 गारंटी | 2 | 2 |

### परफोर्मेंस परीक्षण अंक

| ब्रांड → / परीक्षण मानदंड ↓ | % भारांक | प्रेस्टीज़ | इनाल्सा | महाराजा व्हाइटलाइन | बटर फ्लाई | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **परफोर्मेंस टैस्ट** | 53 | 48.72 | 46.36 | 46.16 | 45.85 | |
| चावल पकने में लगा समय | 15 | 13.55 | 10.8 | 10.53 | 12.35 | |
| चावल पकाना | 15 | 13.5 | 13.5 | 14.25 | 12.75 | |
| मोमोज़ पकाना | 6 | 5.10 | 5.70 | 5.4 | 4.5 | |
| अधिकतम तापमान | 5 | 4.85 | 4.85 | 4.7 | 4.8 | |
| धीमा पकाने का संचालन | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | |
| इनपुट पॉवर | 6 | 5.72 | 5.51 | 5.28 | 5.45 | |
| स्वचालित संचालन | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | |

- सभी ब्रांड ने इसमें संतुष्ट करने वाले परिणाम दिए, चावल से अलग बनने वाले खाद्य पदार्थो को बनाने में इनाल्सा ने सबसे बेहतर परिणाम दिए।
- चावल बनाने के लिए अधिकतम तापमान/ गर्म बने रहने का फंक्षन/धीमी ऊर्जा पर खाना बनाने का फंक्शन :




- अधिकतम तापमान सभी ब्रांड में 93 से लेकर 98 डिग्री सेंटीग्रेड के बीच पाया गया।
- सभी ब्रांड में स्लो कुकिंग फंक्शन उपलब्ध था।





### सुरक्षा परीक्षण अंक

| ब्रांड → / परीक्षण मानदंड ↓ | भारांक % | फ़िलिप्स | इनाल्सा | महाराजा व्हाइटलाइन | बजाज | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **सुरक्षा परीक्षण** | 11 | 10.5 | 10.1 | 10.1 | 10.1 | |
| लाइव पार्ट्स और विद्युत शॉक से संरक्षण | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | |
| लीकेज करंट और विद्युत इंश्यूलेशन | 4 | 3.50 | 3.10 | 3.10 | 3.10 | |
| सहनशक्ति | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | |

## परफोर्मेंस परीक्षण अंक

| | पैनासोनिक | नेक्स्ट | मोर्फी रिचार्डस | रीकनेक्ट | फिलिप्स | ऊषा | बजाज |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 45.69 | 45.61 | 45.27 | 45.09 | 45.03 | 42.97 | 39.28 |
| | 12.4 | 10.89 | 12.91 | 12.25 | 10.71 | 9.72 | 8.13 |
| | 12 | 13.5 | 11.25 | 11.25 | 12.75 | 11.25 | 10.5 |
| | 5.1 | 5.4 | 5.1 | 5.1 | 5.1 | 5.1 | 4.8 |
| | 4.65 | 4.7 | 4.75 | 4.75 | 4.9 | 4.9 | 4.85 |
| | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| | 5.54 | 5.12 | 5.26 | 5.74 | 5.57 | 6.0 | 5 |
| | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |

## सुरक्षा जांच :

- ◆ विद्युत करंट और बाहरी भागों की सुरक्षा।
- ◆ विद्युत करंट ( μA) का बहाव और विद्युत प्रभाव
- ◆ स्थायित्व
  - सभी ब्रांड इस्तेमाल करने सुरक्षित जांच में सफ़ल रहे।
  - विद्युत करंट का बहाव भी निर्धारित मात्रा के अनुकूल रहा और हाई–वोल्टेज 1000 वोल्ट जांच में भी सफल रहे।
  - सभी ब्रांड स्थायित्व जांच मे सफ़ल रहे।



## सुरक्षा परीक्षण अंक

| | नेक्स्ट | मोर्फी रिचार्डस | रीकनेक्ट | बटर फलाई | ऊषा | पैना सोनिक | प्रेस्टीज़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 10.06 | 10.02 | 10.02 | 9.92 | 9.9 | 9.88 | 9.88 |
| | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| | 3.06 | 3.02 | 3.02 | 2.92 | 2.90 | 2.88 | 2.88 |
| | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 | 5 |

## गुणवत्ता परीक्षण

◆ इनपुट पावर की पूरी क्षमता/ऑटोमेटिक ऑपरेशन :

भारतीय मानक के अनुसार उपकरण की इनपुट पॉवर निर्धारित वोल्टेज़ और सामान्य तापमान पर निर्धारित क्षमता से **+5%-10%** अधिक ऊपर–नीचे नहीं होनी चाहिए।

- सभी ब्रांड ने ऑटोमेटिक संचालन और स्लो कुकिंग मोड का फंक्शन भी दिया हुआ था

| ब्रांड | इनपुट पॉवर क्लेम्ड | कुकिंग मोड (वाट) | 3 में से अंक मिले | वार्म मोड (वाट) | 3 में से अंक मिले | 6 में से कुल अंक मिले |
|---|---|---|---|---|---|---|
| फिलिप्स | 700 | 730 | 2.75 | 0 | 3 | 5.75 |
| पैनासोनिक | 650 | 622 | 2.74 | 41 | 3.0 | 5.74 |
| प्रेस्टीज़ | 650 | 630 | 2.81 | 40 | 2.92 | 5.72 |
| रीकनेक्ट | 700 | 693 | 2.94 | 36 | 2.63 | 5.57 |
| बटरफ्लाई | 700 | 702 | 2.98 | 35 | 2.56 | 5.54 |
| इनाल्सा | 700 | 678 | 2.81 | 37 | 2.70 | 5.51 |
| मोर्फी रिचार्ड्स | 700 | 662 | 2.67 | 38 | 2.78 | 5.45 |
| महाराजा व्हाइटलाइन | 650 | 605 | 2.58 | 37 | 2.70 | 5.28 |
| ऊषा | 650 | 610 | 2.63 | 36 | 2.63 | 5.26 |
| नेक्स्ट | 650 | 612 | 2.64 | 34 | 2.48 | 5.12 |
| बजाज | 350 | 322 | 2.52 | 34 | 2.48 | 5.0 |

## भौतिकी परीक्षण

- **कुल वज़न :** प्रेस्टीज़ ब्रांड के कुकर में सबसे अधिक 3,064 ग्राम वज़न मिला।
- **बिजली के केबल की लंबाई :** रीकनेक्ट ब्रांड की सबसे लंबी केबल मिली और नेक्सट की सबसे छोटी।
- **अन्य सहायक सामग्री :** कई ब्रांड मापने के लिए कप और चम्मच, कुछ ने तो लोहे की तिपाई भी दी हुई थी, एक ट्रे आदि और अधिक सहायक सामग्री वाले ब्रांड को अत्याधिक अंक मिले।



